प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

दीपावली

प्रकाश का पर्व दीपावली आज पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दीपावली पर मंदिरों, घरों और सार्वजनिक स्थानों को दीपों व रंगीन रोशनियों से सजाया गया है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रार्थना की कि यह पर्व सभी के लिए सुख, शांति और समृद्धि लाए। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि दीपावली अज्ञान पर ज्ञान के विजय का उत्सव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कामना की है कि यह पर्व सभी नागरिकों के जीवन को सद्भावना, प्रसन्नता और समृद्धि के प्रकाश से जगमगाएगा। इधर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। दीपावली पर्व को लेकर हर आयुवर्ग के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

शिमला पटाखे

शिमला ज़िले में दिवाली के दौरान पटाखे चलाने का समय रात 8 से 10 बजे तक निर्धारित किया गया है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि इस दौरान केवल हरित पटाखों के उपयोग की ही अनुमति होगी। इस बीच प्रशासन की ओर से शिमला शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पटाखों की बिक्री के लिए चयनित स्थानों में लगे स्टालों पर लोग पटाखों की खूब खरीददारी कर रहे है। पटाखों के बिक्रेताओं का कहना है कि लोग ग्रीन पटाखों की भी खूब खरीददारी कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी नागरिकों से त्यौहार के इस सीज़न में एक सौ 40 करोड़ भारतीयों की कड़ी मेहनत, रचनात्मकता और नवाचार का जश्न मनाने के लिए भारतीय उत्पाद खरीदने का आह्वान किया है। माई गॉव इंडिया के एक सोशल मीडिया पोस्ट के जवाब में, प्रधानमंत्री ने भारतीय उत्पाद खरीदने पर ज़ोर देते हुए कहा है कि– गर्व से कहो यह स्वदेशी है। उन्होंने लोगों से

यह भी आग्रह किया है कि वे जो कुछ भी खरीदें, उसे सोशल मीडिया पर साझा करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस तरह लोग दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करेंगे।

चंबा–अग्निशमन

दीपावली पर्व के चलते चंबा में अग्निशमन विभाग हाई अलर्ट पर है। विभाग ने आगजनी की किसी भी घटना से निपटने के लिए सुरक्षा मोर्चा संभाल लिया है। चंबा शहर और आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी का प्लान तैयार किया गया है। अग्निशमन अधिकारी लेखराज मनकोटिया ने बताया कि शहर के मुख्य बाजारों, रिहायशी ईलाकों और संकरी गलियों में अतिरिक्त फायर टीमों की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि विभाग की टीमों ने बाजारों में आग से सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई है।

जीएसटी–स्वास्थ्य क्षेत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित और 22 सितंबर को शुरू किए गए जी.एस.टी. बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। आज इस श्रृंखला में पेश है देश के स्वास्थ्य क्षेत्र को मज़बूत बनाने में जी.एस.टी. सुधारों के प्रभावों पर एक रिपोर्ट–

*नए जीएसटी सुधारों में दवाओं तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधित उत्पादों को अधिक किफायती बनाकर देश के स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत कर दिया है। कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 36 जीवन रक्षक दावाओं को कर मुक्त कर दिया गया है। इसी तरह गॉज, पट्टियां, डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर और थर्मामीटर जैसे चिकित्सा उपकरण जिन पर पहले 12: कर लगता था अब सिर्फ 5: कर लग रहा है। इन जीएसटी सुधारों के तहत सरकार ने स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर पूरी तरह से माफ कर दिया है। जो पहले 18: कर स्लैब का हिस्सा थे। इस कदम से कुल प्रीमियम लागत कम हो गई है जिससे नागरिक बीमा लेने के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं। दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर नई जीएसटी दरें स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बना रही है और इस क्षेत्र में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिल रहा है जिससे अब लोगों का इलाज सस्ता होगा।*

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला के समीप बालिका आश्रम का दौरा कर वहां रह रहे बच्चों के साथ दीपावली मनाई। उन्होंने आश्रम की बालिकाओं को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं और उन्हें मिठाई व उपहार वितरित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अनाथ बच्चों की शिक्षा और देखभाल के लिए मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना शुरू की है। इसके तहत 27 वर्ष की आयु पूरा होने तक इन बच्चों की पढ़ाई समेत अन्य सभी खर्चों को एक अभिभावक के रूप में

सरकार पूरा कर रही है। बाद में उन्होंने मशोबरा स्थित नारी सेवा सदन का भी दौरा किया और सदन में रह रही महिलाओं को मिठाईयां व उपहार देकर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

..................................................................................................................................................................